में तेरह-तेरह योग हैं, क्योंकि आहारक, आहारकमिश्र प्रमत्त बिना अन्यत्र नहीं हैं । मिश्र गुणस्थान में औदारिकमिश्र, वैक्रियिकमिश्र, कार्माण ये तीनों भी नहीं हैं, इसलिये दस ही हैं । ऊपर के सात गुणस्थानों में वैक्रियिक*(द्विक)*योग भी नहीं है, इसलिये प्रमत्त में तो आहारकद्विक के मिलने से ग्यारह योग हैं, अन्य में नौ नौ योग हैं। सयोगी में सत्य-अनुभय मनोयोग, सत्य-अनुभय वचनयोग, औदारिक, औदारिकमिश्र, कार्माण ये सात योग हैं । अयोगी गुणस्थान में योग नहीं है, इसलिये शून्य है ।

***वेदमार्गणा*** – स्त्री, पुरुष, नपुंसक वेद के उदय से वेद होता है, वे तीनों अनिवृत्तिकरण के सवेदभाग तक हैं, ऊपर नहीं है ।

***कषायमार्गणा*** – क्रोधादि चार कषायों का यथायोग्य अनंतानुबंधी इत्यादि रूप उदय होनेपर क्रोध, मान, माया, लोभ होते हैं । वहां मिथ्यादृष्टि, सासादन में तो अनंतानुबंधी आदि चार चार प्रकार हैं । मिश्र, असंयत में अनंतानुबंधी बिना तीन तीन प्रकार हैं । देशसंयत में अप्रत्याख्यान बिना दो दो प्रकार हैं । प्रमत्तादि अनिवृत्तिकरण के दूसरे भाग तक संज्वलन क्रोध है, तीसरे भाग तक संज्वलन मान है, चौथे भाग तक माया है, पांचवें भाग तक बादर लोभ है । सूक्ष्मसाम्पराय में सूक्ष्म लोभ है। ऊपर सर्व कषायरहित हैं ।

***ज्ञानमार्गणा*** – मति, श्रुत, अवधि, मनःपर्यय ज्ञानावरण के क्षयोपशम से मति आदि ज्ञान होते हैं । केवलज्ञानावरण के समस्त क्षय से केवलज्ञान होता है । मिथ्यात्व के उदय से सहवर्ती ऐसे मति, श्रुत, अवधि ज्ञानावरण के क्षयोपशम से कुमति, कुश्रुत, विभंगज्ञान होते हैं; सो सब मिलकर आठ ज्ञान हुये । वहां मिथ्यादृष्टि, सासादन में तो तीन कुज्ञान हैं । मिश्र में तीन कुज्ञान और सुज्ञान मिश्ररूप हैं । अविरत और देशसंयत में मति, श्रुत, अवधि ये आदि के तीन सुज्ञान हैं। प्रमत्तादि क्षीणकषाय तक मनःपर्यय सहित आदि के चार सुज्ञान हैं । सयोगी, अयोगी में एक केवलज्ञान है।

***संयममार्गणा*** – संज्वलन चौकड़ी और नौ नोकषाय के मंद उदय से व्रत का धारण करना, समिति का पालन करना, कषाय का निग्रह, दंड का त्याग, इन्द्रियों का जय ऐसे भावरूप संयम होता है । वह संयम सामान्यपने एक सामायिक स्वरूप है; क्योंकि **'सर्वसावद्ययोगविरतोऽस्मि'** मैं सर्व पापसहित योग का त्यागी हूँ ऐसे भाव में सर्व गर्भित हुये । विशेषपने असंयम, देशसंयम, सामायिक, छेदोपस्थापना, परिहारविशुद्धि,

gú_gånam`, `Wm»`mV ^X g gmV àH$ma H$m h ï& dhm Ag`V VH$ Mma JUñWmZm _ Ag`_ hr h ï& Xeg`V _ Xeg`_ h ï& à_Îm{X A{Zd{ÎmH$aU VH$ gm_m{`H$, NXmnñWmnZm h ï& à_Îm-Aà_Îm _ n[ahma{de{Õ ^r h ï& gú_gånam` _ gú_gånam`-g`_ h ï& CnemVH$fm`m{X _ `Wm»`mVg`_ h ï&

*XeZ_mJUm* - Mj, AMj, Ad{Y XeZmdaU H$ j`mne_ g Ama H$db XeZmdaU H$ g_ñV j` g Mj, AMj, Ad{Y, H$db XeZ hmVm hï& dhm {_l JUñWmZ VH$ Vm Mj AMj Xm XeZ h ï& Ag`Vm{X jrUH$fm` VH$ JUñWmZm _ Mj, AMj, Ad{Y VrZ XeZ hï& g`mJ, A`mJ Ama {gÕ _ H$dbXeZ hï&

*bí`m_mJUm* - H$fm` H$ CX` g AZa{OV Egr _Z, dMZ, H$m`ê$n `mJm H$s àd{Îm dh bí`m h ï& dh e^-Ae^ H$ ^X g Xm àH$ma H$s h ï& dhm Ae^bí`m H$îU, Zrb, H$nmV ^X g VrZ àH$ma H$s h ï& e^bí`m nrV, nÙ, eŠb ^X g VrZ àH$ma H$s h ï& dhm Ag`V VH$ Vm Nhm bí`m h ï& Xeg`Vm{X Aà_Îm VH$ VrZ e^ bí`m hr h ï& AndH$aU g bH$a g`mJr VH$ eŠbbí`m hr hï& A`mJr `mJ H$ A^md g bí`ma{hV h ï&

*^ì`_mJUm* - gm_Jr {def g aËZÌ` VWm AZVMVîQ`ê$n n[aU_Z H$ `m½`, dh ^ì` h ï& n[aU_Z H$ `m½` Zht h, dh A^ì` h ï& `hm A^ì` am{e OKÝ` `º$mZV à_mU h ï& ggmaram{e _ g BVZ KQmZna Adef ahV h, CVZ ^ì`{gÕ h ï& d ^ì` VrZ àH$ma H$ h - 1) AmgÞ^ì`, 2) Xa^ì`, 3) A^ì`g_^ì`ï& Om WmS H$mb _ _º$ hmZ `m½` hm, d AmgÞ^ì` h ï& Om ~hV H$mb _ _º$ hmZ hm, d Xa ^ì` h ï& Om {ÌH$mb _ _º$ hmZdmb Zht h, H$db _º$ hmZ H$s `m½`Vm H$ YmaH$ h, d A^ì`g_ ^ì` h ï& gm `hm {_Ï`mÑ{îQ _ ^ì`-A^ì` XmZm h ï& gmgmXZm{X jrUH$fm` VH$ EH$ ^ì` hr h ï& g`mJ-A`mJ _ ^ì`-A^ì` H$m CnXe Zht h ï&

*gå`ŠËd_mJUm* - AZm{X {_Ï`mÑ{îQ Ord j`mne_m{X nMbpãY H$ n[aUm_ê$n n[aU{_V hAm ï& dhm {_Ï`mÑ{îQ hr _ H$aU {H$`, dhm A{Zd{ÎmH$aU H$ A{V_ g_` _ AZVmZ~Yr Ama {_Ï`mËd BZ nmM H$m Cne_ H$aH$ CgH$ AZVa g_` _ AWmV AVam`m_ g~Yr AV_hV H$mb H$ àW_ g_` _ àW_mne_ gå`ŠËd

पाकर असंयत होता है । *(अंतर क्या है ? वह कहते हैं –)* मिथ्यात्व के ऊपर और नीचे के निषेकों को छोड़कर बीच के निषेकों का अभाव करना, उसे अंतर कहते हैं । सो अंतर्मुहूर्त के जितने समय हैं उतने निषेकों का अभाव अनिवृत्तिकरण में ही किया था । उन निषेकों संबंधी अंतर्मुहूर्त को अंतरायाम कहते हैं ।

अथवा प्रथमोपशम और देशव्रत इन दोनों को युगपत् पाकर देशसंयम होता है। अथवा प्रथमोपशम सम्यक्त्व और महाव्रत, इन दोनों को युगपत् पाकर अप्रमत्तसंयत होता है । वहां उसे पाने के प्रथम समय से लेकर अंतर्मुहूर्त तक गुणसंक्रमण विधान से मिथ्यात्वरूप द्रव्यकर्म को गुणसंक्रमण भागहार से घटा घटाकर तीन प्रकार का करते हैं । गुणसंक्रमण विधान और गुणसंक्रमण भागहार का कथन आगे करेंगे, वहां जानना। सो मिथ्यात्व प्रकृतिरूप, सम्यग्मिथ्यात्व प्रकृतिरूप और सम्यक्त्व प्रकृतिरूप ऐसे एक मिथ्यात्व को तीन प्रकार का वहां करता है । इन तीनों का द्रव्य अर्थात् परमाणुओं का प्रमाण असंख्यातगुणा, असंख्यातगुणा हीन अनुक्रम से जानना ।

**यहां प्रश्न** – मिथ्यात्व को मिथ्यात्वप्रकृतिरूप क्या किया ?

**उसका समाधान** – पहले जो उस मिथ्यात्व की स्थिति थी उसमें अतिस्थापनावली मात्र घटाता है, उस अतिस्थापनावली का भी स्वरूप आगे कहेंगे ।

*(**विशेषार्थ** – मिथ्यात्व प्रकृति का अनुभाग अनंतगुणा हीन होकर मिथ्यात्वरूप ही रहे वह तो मिथ्यात्वप्रकृतिरूप होना है । उससे भी अनंतगुणाहीन होकर सम्यग्मिथ्यात्व प्रकृति होती है तथा उससे भी अनंतगुणाहीन ऐसी सम्यक्त्वप्रकृति होती है ।)*

जो अप्रमत्त गुणस्थान को प्राप्त होता है वह अप्रमत्त से प्रमत्त में और प्रमत्त से अप्रमत्त में संख्यात हजार बार आता जाता है, इसलिये प्रथमोपशम सम्यक्त्व प्रमत्त में भी है । इसतरह प्रथमोपशम सम्यक्त्व इन चार गुणस्थानों में है उसका काल अंतर्मुहूर्त है ।

यदि प्रथमोपशम सम्यक्त्व के अंतर्मुहूर्त काल में जघन्य एक समय, उत्कृष्ट छह आवली शेष रहनेपर अनंतानुबंधी की किसी प्रकृति का उदय हो जाय तो सासादन गुणस्थान होता है । यदि भव्यता गुण के विशेष से सम्यक्त्व गुण का नाश न हो तो उस उपशम सम्यक्त्व का काल पूर्ण होनेपर सम्यक्त्वप्रकृति के उदय से वेदक सम्यग्दृष्टि होता है। यदि मिश्र प्रकृति का उदय हो जाय, तो सम्यग्मिथ्यादृष्टि होता है । यदि मिथ्यात्व का ही उदय आ जाय तो मिथ्यादृष्टि ही हो जाता है ।

पुनश्च द्वितीयोपशम सम्यक्त्व में विशेष है, वह क्या है ?

उपशमश्रेणी चढ़ने के निमित्त कोई सातिशय अप्रमत्त वेदक सम्यग्दृष्टि वहां अप्रमत्त में तीन करणों के सामर्थ्य से अनंतानुबंधी के प्रशस्त उपशम के बिना अप्रशस्त उपशम द्वारा, ऊपर के जो निषेक-जिनका काल नहीं आया है - वे तो हैं ही; नीचे के जो निषेक अनंतानुबंधी के हैं उनको उत्कर्षण द्वारा ऊपर के निषेकों में प्राप्त करता है या विसंयोजन द्वारा अन्य प्रकृतिरूप परिणमाता है, इसतरह खिपाकर दर्शनमोहनीय की तीन प्रकृतियों के बीच के निषेकों का अभाव करनेरूप अंतरकरण द्वारा अंतर किया। पुनश्च उपशम विधान से दर्शनमोहनीय की प्रकृतियों को उपशमाकर अंतर किये हुये निषेकों संबंधी अंतर्मुहूर्त काल के प्रथम समय में द्वितीयोपशम सम्यग्दृष्टि होकर, उपशमश्रेणी आरोहण करके क्रम से उपशांतकषाय तक जाकर वहां अंतर्मुहूर्त काल तक रहकर, अनुक्रम से एक एक गुणस्थान उतरकर अप्रमत्त गुणस्थान को प्राप्त होता है । वहां अप्रमत्त से प्रमत्त में और प्रमत्त से अप्रमत्त में हजारों बार आता जाता है, वहां से नीचे देशसंयत होकर वहां रहे या असंयत होकर वहां रहे । अथवा यदि ग्यारहवें आदि गुणस्थानों में मरण हो जाय तो वहां से अनुक्रम बिना देवपर्यायरूप असंयत होता है। अथवा मिश्रप्रकृति के उदय से मिश्र गुणस्थानवर्ती होता है या अनंतानुबंधी का उदय होनेपर द्वितीयोपशम सम्यक्त्व की विराधना करता है ऐसी किसी आचार्य के पक्ष की अपेक्षा सासादन होता है । अथवा मिथ्यात्व के उदय से मिथ्यादृष्टि होता है ।

पुनश्च असंयतादिक चार गुणस्थानवर्ती जो मनुष्य तथा असंयत, देशसंयत गुणस्थानवर्ती उपचार महाव्रत जिनके पाये जाते हैं ऐसी आर्या स्त्री, वे कर्मभूमि के उपजे ऐसे वेदक सम्यग्दृष्टि होते हैं उन्हीं के केवली श्रुतकेवली दोनों में से किसी के चरण के निकट सात प्रकृतियों का सर्वथा क्षय होने से क्षायिक सम्यक्त्व होता है । ऐसा सम्यक्त्व का विधान कहा । वह सम्यक्त्व सामान्यपने एक प्रकार का है । विशेषपने १) मिथ्यात्व, २) सासादन, ३) मिश्र, ४) उपशम, ५) वेदक, ६) क्षायिक भेद से छह प्रकार का है । *(सम्यक्त्व मार्गणा की अपेक्षा जीवों के ये छह भेद हैं ।)* वहां मिथ्यादृष्टि में तो मिथ्यात्व ही है । सासादन में सासादन है । मिश्र में मिश्र है । असंयत से लेकर अप्रमत्त तक उपशम *(औपशमिक)*, वेदक, क्षायिक तीन सम्यक्त्व हैं । अपूर्वकरणादि उपशांतकषाय तक उपशमश्रेणी में उपशम, क्षायिक दो सम्यक्त्व हैं । क्षपक श्रेणीरूप अपूर्वकरणादि सिद्ध तक एक क्षायिक सम्यक्त्व ही है ।

***संज्ञीमार्गणा*** – नोइन्द्रिय अर्थात् मन के आवरण के क्षयोपशम से हुआ जो ज्ञान उसे संज्ञा कहते हैं । वह जिसके पायी जाती है, वह संज्ञी है । जिसके वह नहीं पायी जाती और यथासंभव अन्य इन्द्रियों का ज्ञान पाया जाता है, वह असंज्ञी है । वहां संज्ञी मिथ्यादृष्टि से लेकर क्षीणकषाय पर्यंत हैं । असंज्ञी मिथ्यादृष्टि में ही हैं । सयोग अयोग में मन-इन्द्रिय संबंधी ज्ञान नहीं है; इसलिये संज्ञी-असंज्ञी नहीं कहते ।

***आहारमार्गणा*** – शरीर और अंगोपांग नामक नामकर्म के उदय से उत्पन्न हुआ जो शरीर, वचन, मनरूप नोकर्मवर्गणा का ग्रहण करना, वह आहार है । विग्रहगति में, प्रतर और लोकपूरण समुद्घात अवस्थावाले सयोगी में, अयोगी में और सिद्ध में अनाहार है, इसलिये मिथ्यादृष्टि, सासादन, असंयत और सयोगी इनमें तो दोनों हैं। अवशेष नौ गुणस्थानों में आहार ही है । अयोगी और सिद्ध में अनाहार ही है।

गुणस्थानों में उपयोग कहते हैं –

**दोण्हं पंच य छच्चेव दोसु मिस्सम्मि होंति वामिस्सा ।**
**सत्तुवजोगा सत्तसु दो चेव जिणे य सिद्धे य ।।७०५।।**

**द्वयोः पंच च षट्चैव द्वयोर्मिश्रे भवंति व्यामिश्राः ।**
**सप्तोपयोगाः सप्तसु द्वौ चैव जिने च सिद्धे च ।।७०५।।**

**टीका** – गुणपर्यायवान वस्तु है, उसके ग्रहणरूप जो व्यापार प्रवर्तन, वह उपयोग है । ज्ञान है, वह जानने योग्य वस्तु से नहीं उत्पन्न होता, सो कहा है –

**स्वहेतुजनितोऽप्यर्थः परिच्छेद्यः स्वतो यथा ।**
**तथा ज्ञानं स्वहेतूत्थं परिच्छेदात्मकं स्वतः ।।१।।**

**इसका अर्थ** – जैसे वस्तु अपने ही उपादान कारण से उत्पन्न, अपने से ही जाननेयोग्य है, वैसे ज्ञान अपने ही उपादानकारण से उत्पन्न अपने से ही जाननेवाला है । पुनश्च ज्ञेय पदार्थ और प्रकाशादिक ये ज्ञान के कारण नहीं हैं, क्योंकि ये तो ज्ञेय हैं । जैसे अंधकार ज्ञेय है, वैसे ये भी ज्ञेय हैं - जानने योग्य हैं, जानने के कारण नहीं हैं, ऐसा जानना ।

वह उपयोग ज्ञान दर्शन के भेद से दो प्रकार का है । वहां कुमति, कुश्रुत, विभंग, मति, श्रुत, अवधि, मनःपर्यय, केवल भेद से ज्ञानोपयोग आठ प्रकार का है।

चक्षु, अचक्षु, अवधि, केवल भेद से दर्शनोपयोग चार प्रकार का है । वहां मिथ्यादृष्टि, सासादन में तो कुमति, कुश्रुत, विभंगज्ञान, चक्षु, अचक्षु दर्शन ये पांच उपयोग हैं। मिश्र में मिश्ररूप मति, श्रुत, अवधि ज्ञान और चक्षु, अचक्षु, अवधि दर्शन ये छह उपयोग हैं *(यहां मिश्र तीन ज्ञान और दो दर्शन हैं ऐसे पहले भी बता चुके हैं तथा आगे यंत्र में भी बतायेंगे ।)* असंयत, देशसंयत में मति, श्रुत, अवधि ज्ञान, चक्षु, अचक्षु, अवधि दर्शन ये छह उपयोग हैं । प्रमत्तादि क्षीणकषाय तक वे ही मनःपर्ययसहित सात उपयोग हैं । सयोगी, अयोगी, सिद्ध में केवलज्ञान, केवलदर्शन ये दो उपयोग हैं ।

इति आचार्य श्री नेमिचन्द्रसिद्धांतचक्रवर्ती विरचित गोम्मटसार द्वितीय नाम पंचसंग्रह ग्रंथ की जीवतत्त्वप्रदीपिका नामक संस्कृत टीका के अनुसार सम्यग्ज्ञानचन्द्रिका नामक भाषा-टीका में जीवकाण्ड में प्ररूपित जो बीस प्ररूपणा उनमें से गुणस्थानों में बीस प्ररूपणा निरूपण (अंतरभावाधिकार) नामक इक्कीसवां अधिकार पूर्ण हुआ ।।२१।।

# बाइसवां अधिकार : आलापाधिकार

**।। मंगलाचरण ।।**

**सुरनर गणपति पूज्यपद बहिरंतर श्री धार ।**
**नेमि धर्मरथनेमिसम भजौं हौंहु श्रीसार ।।**

आगे आलाप अधिकार को अपने इष्टदेव को नमस्कारपूर्वक कहने की प्रतिज्ञा करते हैं –

**गोयमथेरं पणमिय ओघादेसेसु वीसभेदाणं ।**
**जोजणिकाणालावं वोच्छामि जसाकमं सुणह ।।७०६।।**

**गौतमस्थविरं प्रणम्य ओघादेशयोर्विंशभेदानाम् ।**
**योजनिकानामालापं वक्ष्यामि यथाक्रमं श्रृणुत ।।७०६।।**

**टीका** – विशिष्ट जो गो अर्थात् भूमि, आठवीं पृथ्वी, वह है स्थविर अर्थात् शाश्वत जिसके ऐसा सिद्धसमूह अथवा गौतम है स्थविर अर्थात् गणधर जिसके ऐसे वर्धमानस्वामी अथवा विशिष्ट है **गो** अर्थात् वाणी जिसकी ऐसा स्थविर अर्थात् मुनिसमूह, सो ऐसे जो गौतमस्थविर उन्हें **प्रणम्य** अर्थात् नमस्कार करके ओघ अर्थात् गुणस्थान और आदेश अर्थात् मार्गणास्थान इनके जोड़नेरूप जो गुणस्थानादि बीस प्ररूपणा, उनके आलाप को यथाक्रम कहूंगा, वह सुनना । बीस प्ररूपणा के प्ररूपणरूप ऐसे विवक्षित स्थानों का कथन करना, उसका नाम आलाप जानना । उसे कहते हैं –

**ओघे चोदसठाणे सिद्धे वीसदिविहाणमालावा ।**
**वेदकसायविभिण्णे अणियट्टीपंचभागे य ।।७०७।।**

**ओघे चतुर्दशस्थाने सिद्धे विंशतिविधानामालापाः ।**
**वेदकषायविभिन्ने अनिवृत्तिपंचभागे च ।।७०७।।**

**टीका** – ओघ अर्थात् गुणस्थान और चौदह मार्गणास्थान ये परमागम में प्रसिद्ध हैं । सो इनमें **गुणजीवापज्जत्ती** इत्यादि बीस प्ररूपणाओं के सामान्य, पर्याप्त, अपर्याप्त ये तीन आलाप होते हैं । जिनमें वेद और कषाय से भेद हैं ऐसे अनिवृत्तिकरण के

पांच भागों में जुदे-जुदे आलाप जानना ।

वहां गुणस्थान में कहते हैं -

**ओघे मिच्छदुगे वि य अयदपमत्ते सजोगिठाणम्मि ।**
**तिण्णेव य आलावा सेसेसिक्को हवे णियमा ।।७०८।।**

**ओघे मिथ्यात्वद्विकेऽपि च अयतप्रमत्तयोः सयोगिस्थाने ।**
**त्रय एव चालापाः शेषेष्वेको भवेन्नियमात् ।।७०८।।**

**टीका** - गुणस्थानों में मिथ्यादृष्टि, सासादन, असंयत, प्रमत्त, सयोगी इनमें तीन तीन आलाप हैं । अवशेष गुणस्थानों में नियम से एक पर्याप्त आलाप है ।

इसी अर्थ को प्रकट करते हैं -

**सामण्णं पज्जत्तमपज्जत्तं चेदि तिण्णि आलावा ।**
**दुवियप्पमपज्जत्तं लद्धी णिव्वत्तगं चेदि ।।७०९।।**

**सामान्यः पर्याप्तः अपर्याप्तश्चेति त्रय आलापा ।**
**द्विविकल्पोऽपर्याप्तो लब्धिर्निर्वृत्तिकश्चेति ।।७०९।।**

**टीका** - वे आलाप तीन हैं - सामान्य, पर्याप्त, अपर्याप्त । जहां पर्याप्त-अपर्याप्त दोनों के समुदायरूप सामान्यपने ग्रहण करते हैं, वह सामान्य आलाप है । जहां पर्याप्त ही का ग्रहण होता है, वह पर्याप्त आलाप है । जहां अपर्याप्त ही का ग्रहण होता है वह अपर्याप्त आलाप है । वहां अपर्याप्त आलाप दो प्रकार का है - एक लब्धिअपर्याप्त, एक निर्वृत्तिअपर्याप्त । जिसकी क्षुद्रभवप्रमाण आयु होती है, पर्याप्ति पूर्ण होने से पहले ही मरण को प्राप्त होता है, वह लब्धिअपर्याप्त है। जिसके शरीरपर्याप्ति पूर्ण होगी परंतु जबतक पूर्ण नहीं हुयी हो, तब तक वह निर्वृत्ति-अपर्याप्त है ।

**दुविहं पि अपज्जत्तं ओघे मिच्छेव होदि णियमेण ।**
**सासण अयदपमत्ते णिव्वत्ति अपुण्णगो होदि ।।७१०।।**

**द्विविधोप्यपर्याप्त ओघे मिथ्यात्व एव भवंति नियमेन ।**
**सासादनायतप्रमत्तेषु निर्वृत्यपूर्णको भवति ।।७१०।।**

**टीका** – वे दोनों प्रकार के अपर्याप्त आलाप सामान्य मिथ्यादृष्टि में ही पाये जाते हैं । सासादन, असंयत, प्रमत्त में निर्वृत्तिअपर्याप्त ही आलाप है ।

**जोगं पडि जोगिजिणे होदि हु णियमा अपुण्णगत्तं तु ।**
**अवसेसणवट्ठाणे पज्जत्तालावगो एक्को ।।७११।।**

**योगं प्रति योगिजिने भवति हि नियमादपूर्णकत्वं तु ।**
**अवशेषनवस्थाने पर्याप्तालापक एकः ।।७११।।**

**टीका** – सयोगी जिन में नियम से योगों की अपेक्षा से ही अपर्याप्त आलाप है । ऐसे अपर्याप्त आलाप में विशेष है, सो इन पांच गुणस्थानों में तो तीनों आलाप हैं । अवशेष नौ गुणस्थान रहे, उनमें एक पर्याप्त आलाप ही है ।

आगे चौदह मार्गणास्थानों में कहते हैं –

**सत्तण्हं पुढवीणं ओघे मिच्छे य तिण्णि आलावा ।**
**पढमाविरदे वि तहा सेसाणं पुण्णगालावो ।।७१२।।**

**सप्तानां पृथिवीनां ओघे मिथ्यात्वे च त्रय आलापाः ।**
**प्रथमाविरतेऽपि तथा शेषाणां पूर्णकालापाः ।।७१२।।**

**टीका** – नरकगति में सामान्यपने सातों पृथ्वी संबंधी मिथ्यादृष्टि में तीन आलाप हैं । वैसे ही प्रथम पृथ्वी संबंधी असंयत में तीन आलाप हैं । जिसने पहले नरकायु बांधी हो ऐसा वेदक *(कृतकृत्यवेदक – जिसने मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्व का क्षय किया हो और अंतर्मुहूर्त में जो क्षायिक सम्यक्त्वी होनेवाला है ऐसा वेदक)* या क्षायिक सम्यग्दृष्टि जीव वह वहीं प्रथम पृथ्वी में उत्पन्न होता है । तथा अवशेष *(दूसरी से सातवीं)* पृथ्वी संबंधी अविरत और सर्व पृथ्वियों के सासादन, मिश्र इनके एक पर्याप्त ही आलाप है ।

**तिरियचउक्काणोघे मिच्छदुगे अविरदे य तिण्णेव ।**
**णवरि य जोणिणि अयदे पुण्णो सेसे वि पुण्णोदु ।।७१३।।**

**तिर्यक्चतुष्काणामोघे मिथ्यात्वद्विके अविरते च त्रय एव ।**
**नवरि च योनिन्ययते पूर्णः शेषेऽपि पूर्णस्तु ।।७१३।।**

**टीका** – तिर्यंच पांच प्रकार के हैं । सर्व भेद जिसमें गर्भित हैं ऐसा सामान्य तिर्यंच, जिसके पांचों इन्द्रिय पाये जाते हैं ऐसा पंचेन्द्रिय तिर्यंच, जो पर्याप्त अवस्था को धारण करे वह पर्याप्त तिर्यंच, जो स्त्रीवेदरूप है, वह योनिमत तिर्यंच, जो लब्धिअपर्याप्त अवस्था को धारण करे वह लब्धिअपर्याप्त तिर्यंच ।

वहां सामान्यादिक चार प्रकार के तिर्यंचों के पांच गुणस्थान पाये जाते हैं । वहां मिथ्यादृष्टि, सासादन, अविरत (असंयम) में तीन तीन आलाप हैं । वहां इतना विशेष है – योनिमत तिर्यंच के अविरत में एक पर्याप्त ही आलाप है, क्योंकि पहले तिर्यंच आयु बांधी हो तो भी सम्यग्दृष्टि स्त्रीवेद, नपुंसकवेद में उत्पन्न नहीं होता । मिश्र और देशसंयत में पर्याप्त ही आलाप है ।

**तेरिच्छियलद्धियपज्जत्ते एक्को अपुण्ण आलावो ।**
**मूलोघं मणुसतिए मणुसिणि अयदम्हि पज्जत्तो ।।७१४।।**

**तिर्यग्लब्ध्यपर्याप्ते एक अपूर्ण आलापः ।**
**मूलोघं मनुष्यत्रिके मानुष्ययते पर्याप्तः ।।७१४।।**

**टीका** – लब्धिअपर्याप्त तिर्यंच में एक अपर्याप्त आलाप ही है ।

पुनश्च मनुष्य चार प्रकार के हैं। वहां सर्व भेद जिसमें गर्भित हैं ऐसा सामान्य मनुष्य। जो पर्याप्त अवस्था का धारक है, वह पर्याप्त मनुष्य, जो स्त्रीवेदरूप है, वह योनिमत मनुष्य, जो लब्धिअपर्याप्तपने का धारक है, वह लब्धिअपर्याप्त मनुष्य है ।

वहां सामान्यादि तीन प्रकार के मनुष्यों के प्रत्येक के चौदह गुणस्थान पाये जाते हैं । यहां भाववेद की अपेक्षा से योनिमत मनुष्यों के चौदह गुणस्थान कहे हैं। गुणस्थानवत् आलाप जानने । विशेष इतना – योनिमत मनुष्य के असंयत में एक पर्याप्त आलाप ही है । कारण पहले कहा ही है ।

तथा इतना विशेष है – असंयत तिर्यंचनी के प्रथमोपशम और वेदक ये दो ही सम्यक्त्व हैं और मनुष्यनी के प्रथमोपशम, वेदक, क्षायिक ये तीन सम्यक्त्व सम्भव हैं । तथापि जहां सम्यक्त्व होता है वहां पर्याप्त आलाप ही है । सम्यक्त्वसहित

मरे वह स्त्रीवेदियों में नहीं उत्पन्न होता । द्रव्य अपेक्षा योनिमती पंचम गुणस्थान के ऊपर गमन नहीं करती, इसलिये उनके द्वितीयोपशम सम्यक्त्व नहीं है ।

**मणुसिणि पमत्तविरदे आहारदुगं तु णत्थि णियमेण ।**
**अवगदवेदे मणुसिणि सण्णा भूदगदिमासेज्ज ।।७१५।।**

**मानुष्यां प्रमत्तविरते आहारद्विकं तु नास्ति नियमेन ।**
**अपगतवेदायां मानुष्यां संज्ञा भूतगतिमासाद्य ।।७१५।।**

**टीका** – द्रव्यपुरुष और भावस्त्री ऐसा मनुष्य प्रमत्तविरत गुणस्थान में होता है, उसके नियम से आहारक और आहारक अंगोपांग का उदय नहीं होता । तु शब्द से स्त्रीवेद, नपुंसकवेद के उदय में मनःपर्ययज्ञान और परिहारविशुद्धिसंयम भी नहीं होते।

भावमनुष्यनी में चौदह गुणस्थान हैं, द्रव्यमनुष्यनी में पांच ही गुणस्थान हैं।

पुनश्च वेदरहित अनिवृत्तिकरण में मनुष्यनी के मैथुन संज्ञा कही है वह कार्यरहित भूतपूर्वगति न्याय से जाननी । जैसे कोई राजा था, उसको राजभ्रष्ट होनेपर भी राजा ही कहते हैं, वैसे जानना । सो भावस्त्री भी नौवें तक ही है । यहां चौदह गुणस्थान कहे हैं वे भूतपूर्वगति न्याय से ही कहे हैं । पुनश्च आहारक ऋद्धि को प्राप्त हुआ है उसके भी और परिहारविशुद्धिसंयम में द्वितीयोपशम सम्यक्त्व और मनःपर्यय ज्ञान नहीं होता; क्योंकि तैंतीस वर्ष बिना परिहारविशुद्धि संयम नहीं होता और प्रथमोपशम सम्यक्त्व की इतनी स्थिति नहीं है । और परिहारविशुद्धिसंयम के साथ श्रेणी नहीं चढ़ते इसलिये द्वितीयोपशम सम्यक्त्व भी नहीं होता, इसलिये इन दोनों का संयोग सम्भव नहीं है ।

**णरलद्धिअपज्जत्ते एक्को दु अपुण्णगो दु आलावो ।**
**लेस्साभेदविभिण्णा सत्तवियप्पा सुरट्ठाणा ।।७१६।।**

**नरलब्ध्यपर्याप्ते एकस्तु अपूर्णकस्तु आलापः ।**
**लेश्याभेदविभिन्नानि सप्तविकल्पानि सुरस्थानानि ।।७१६।।**

**टीका** – लब्धिअपर्याप्त मनुष्य में एक अपर्याप्त आलाप ही है ।

पुनश्च लेश्या भेदों से भिन्न देवों के सात स्थान कहे हैं, वे कहते हैं ।

१) भवनत्रिक देव, २) सौधर्म युगल, ३) सनत्कुमार युगल, ४) ब्रह्मादिक छह, ५) शतार युगल, ६) आनतादि नौ ग्रैवेयक तक तेरह, ७) अनुदिश-अनुत्तर विमान चौदह इन सात स्थानों में क्रम से १) पीत का जघन्य अंश, २) पीत का मध्यमांश, ३) पीत का उत्कृष्टांश, पद्म का जघन्यांश, ४) पद्म का मध्यमांश, ५) पद्म का उत्कृष्टांश, शुक्ल का जघन्यांश, ६) शुक्ल का मध्यमांश, ७) शुक्ल का उत्कृष्टांश ये लेश्या पायी जाती हैं ।

**सव्वसुराणं ओघे मिच्छदुगे अविरदे य तिण्णेव ।**
**णवरि य भवणतिकप्पित्थीणं च य अविरदे पुण्णो ।।७१७।।**

**सर्वसुराणामोघे मिथ्यात्वद्विके अविरते च त्रय एव ।**
**नवरि च भवनत्रिकल्पस्त्रीणां च च अविरते पूर्णः ।।७१७।।**

**टीका** – सर्व सामान्य देव में मिथ्यादृष्टि, सासादन, असंयत में तीन तीन आलाप हैं । परंतु इतना विशेष - भवनत्रिक देव और कल्पवासिनी स्त्री, इनके असंयत में एक पर्याप्त ही आलाप है । क्योंकि असंयत तिर्यंच, मनुष्य मरकर वहां उत्पन्न नहीं होते ।

**मिस्से पुण्णालाओ अणुद्दिसाणुत्तार हु ते सम्मा ।**
**अविरद तिण्णालावा अणुद्दिस्साणुत्तरे होंति ।।७१८।।**

**मिश्रे पूर्णालापः अनुदिशानुत्तरा हि ते सम्यक् ।**
**अविरते त्रय आलापाः अनुदिशानुत्तरे भवंति ।।७१८।।**

**टीका** – नौ ग्रैवेयक तक सामान्य देव के मिश्र गुणस्थान में एक पर्याप्त आलाप ही है । अनुदिश और अनुत्तर विमानवासी अहमिन्द्र सर्व सम्यग्दृष्टि ही हैं। इसलिये उनके असंयत में तीन आलाप हैं ।

आगे इन्द्रियमार्गणा में कहते हैं –

**बादरसुहुमेइंदियबितिचउरिंदियअसण्णिजीवाणं ।**
**ओघे पुण्णे तिण्णि य अपुण्णगे पुण्ण अपुण्णो दु ।।७१९।।**

**बादरसूक्ष्मैकेंद्रियद्वित्रिचतुरिंद्रियासंज्ञिजीवानाम् ।**
**ओघे पूर्णे त्रयश्च अपूर्णके पुनः अपूर्णस्तु ।।७१९।।**

**टीका** – बादर, सूक्ष्म एकेन्द्रिय तथा द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, असंज्ञी पंचेन्द्रिय इनकी सामान्य रचना और पर्याप्त नामकर्म के उदय संयुक्त, इनके तीन आलाप हैं। निर्वृत्तिअपर्याप्त अवस्था में भी पर्याप्त नामकर्म का उदय जानना ।

*(तथा जिनके अपर्याप्त नामकर्म का उदय है, उनके एक लब्धिअपर्याप्त आलाप ही जानना ।)*

**सण्णी ओघे मिच्छे गुणपडिवण्णे य मूलआलावा ।**
**लद्धियपुण्णे एक्कोऽपज्जत्तो होदि आलाओ ।।७२०।।**

**संज्ञ्योघे मिथ्यात्वे गुणप्रतिपन्ने च मूलालापाः ।**
**लब्ध्यपूर्णे एकः अपर्याप्तो भवति आलापः ।। ७२०।।**

**टीका** – संज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यंच की सामान्य रचना में पांच गुणस्थान हैं । उनमें मिथ्यादृष्टि में तो मूल में कहे थे वे ही तीन आलाप हैं । तथा जिसके विशेष गुण प्राप्त हुआ, उसके सासादन और असंयत में मूल में कहे हुये तीनों आलाप हैं। मिश्र और देशसंयत में एक पर्याप्त आलाप है । तथा संज्ञी लब्धिअपर्याप्त में एक लब्धिअपर्याप्त आलाप ही है ।

आगे कायमार्गणा में दो गाथाओं द्वारा कहते हैं –

**भूआउतेउवाऊणिच्चचदुग्गदिणिगोदगे तिण्णि ।**
**ताणं थूलिदरेसु वि पत्तेगे तद्दुभेदे वि ।।७२१।।**

**तसजीवाणं ओघे मिच्छादिगुणे वि ओघ आलाओ ।**
**लद्धिअपुण्णे एक्कोऽपज्जत्तो होदि आलाओ ।।७२२।।जुम्मं।**

**भ्वप्तेजोवायुनित्यचतुर्गतिनिगोदके त्रयः ।**
**तेषां स्थूलेतरयोरपि प्रत्येके तद्द्विभेदेऽपि ।। ७२१।।**

**त्रसजीवानामोघे मिथ्यात्वादिगुणेऽपि ओघ आलापः ।**
**लब्ध्यपूर्णे एकः अपर्याप्तो भवत्यालापः ।। ७२२।। युग्मम् ।**

**टीका** – पृथ्वी, अप्, अग्नि, वायु, नित्यनिगोद, चतुर्गतिनिगोद इनके बादर, सूक्ष्म भेद तथा प्रत्येक वनस्पति के सप्रतिष्ठित, अप्रतिष्ठित भेद इन सब में तीन तीन आलाप हैं । त्रस जीवों के सामान्य से चौदह गुणस्थानों में कहे हुये आलाप हैं, कुछ विशेष नहीं है । पृथ्वी आदि त्रस पर्यंत जो लब्धिअपर्याप्त हैं उनके एक लब्धिअपर्याप्त ही आलाप है ।

आगे योगमार्गणा में कहते हैं –

**एक्कारसजोगाणं पुण्णगदाणं सपुण्ण आलाओ ।**
**मिस्सचउक्कस्स पुणो सगएक्कअपुण्ण आलाओ ।।७२३।।**

**एकादशयोगानां पूर्णगतानां स्वपूर्णालापः ।**
**मिश्रचतुष्कस्य पुनः स्वकैकापूर्णालापः ।।७२३।।**

**टीका** – पर्याप्त अवस्था में होते हैं ऐसे चार मन, चार वचन, औदारिक, वैक्रियिक, आहारक इन ग्यारह योगों का अपना अपना एक पर्याप्त आलाप ही है। जैसे सत्य मनोयोग का सत्यमन पर्याप्त आलाप है । ऐसे सब का जानना । अवशेष रहे चार मिश्र योगों का अपना अपना एक अपर्याप्त आलाप ही है । जैसे औदारिक मिश्र के एक औदारिक मिश्र अपर्याप्त आलाप है । ऐसे सब का जानना ।

आगे शेष मार्गणाओं में कहते हैं –

**वेदादाहारो त्ति य सगुणट्ठाणाणमोघ आलाओ ।**
**णवरि य संढिच्छीणं णत्थि हु आहारगाण दुगं ।।७२४।।**

**वेदादाहार इति च स्वगुणस्थानानामोघ आलापः ।**
**नवरि च षंढस्त्रीणां नास्ति हि आहारकानां द्विकम् ।। ७२४।।**

**टीका** – वेदमार्गणा से लेकर आहारमार्गणा तक दस मार्गणाओं में अपने-अपने गुणस्थानों के आलापों का अनुक्रम गुणस्थानों में कहे है वैसे ही जानना । इतना विशेष है कि जो भावनपुंसक या भावस्त्री वेदवाला है और द्रव्यपुरुष है ऐसे

जीव के आहारक, आहारकमिश्र आलाप नहीं है, क्योंकि आहारकशरीर में प्रशस्त प्रकृति का ही उदय है । वहां वेदों के अनिवृत्तिकरण के सवेद भाग तक गुणस्थान हैं । क्रोध, मान, माया, बादर लोभ इनके अनिवृत्तिकरण के वेदरहित चार भाग वहां तक क्रम से गुणस्थान हैं । सूक्ष्म लोभ के सूक्ष्मसाम्पराय ही है । कुमति, कुश्रुत, विभंग इनके दो गुणस्थान हैं । मति, श्रुत, अवधि के नौ हैं । मनःपर्यय के सात हैं । केवलज्ञान के दो हैं । असंयम के चार हैं । देशसंयम का एक है । सामायिक, छेदोपस्थापना के चार हैं । परिहारविशुद्धि के दो हैं । सूक्ष्मसाम्पराय का एक है। यथाख्यातचारित्र के चार हैं । चक्षु, अचक्षु दर्शन के बारह हैं । अवधिदर्शन के नौ हैं । केवलदर्शन के दो हैं । कृष्ण, नील, कपोत लेश्या के चार हैं । पीत, पद्म के सात हैं । शुक्ल के तेरह हैं । भव्य के चौदह हैं । अभव्य के एक है। मिथ्यात्व, सासादन, मिश्र के एक–एक है । द्वितीयोपशम सम्यक्त्व के आठ हैं । प्रथमोपशम सम्यक्त्व और वेदक के चार हैं । क्षायिक सम्यक्त्व के ग्यारह हैं । संज्ञी के बारह हैं । असंज्ञी का एक है । आहारक के तेरह हैं । अनाहारक के पांच हैं । ऐसे ये गुणस्थान कहे उन गुणस्थानों में जो आलाप हैं, वे मूल में जैसे सामान्य गुणस्थान में अनुक्रम से आलाप कहे थे, वैसे ही जानना ।

**गुणजीवा पज्जत्ती पाणा सण्णा गइंदिया काया ।**
**जोगा वेदकसाया णाणजमा दंसणा लेस्सा ।।७२५।।**

**भव्वा सम्मत्ता वि य सण्णी आहारगा य उवजोगा ।**
**जोग्गा परूविदव्वा ओघादेसेसु समुदायं ।।७२६।। जुम्मं।**

**गुणजीवाः पर्याप्तयः प्राणाः संज्ञाः गतींद्रियाणि कायाः ।**
**योगा वेदकषायाः ज्ञानयमाः दर्शनानि लेश्याः ।।७२५।।**

**भव्याः सम्यक्त्वान्यपि च संज्ञिनः आहारकाश्चोपयोगा : ।**
**योग्याः प्ररूपितव्या ओघादेशयोः समुदायम् ।।७२६।। युग्मम् ।।**

**टीका** – गुणस्थान चौदह, मूल जीवसमास चौदह – उसमें पर्याप्त सात, अपर्याप्त सात; पर्याप्ति छह – वहां संज्ञी पंचेन्द्रिय के पर्याप्त अवस्था में पर्याप्त अवस्था संबंधी छह और अपर्याप्त अवस्था में अपर्याप्त संबंधी छह, असंज्ञी और विकलत्रयों के पर्याप्त–

अपर्याप्त संबंधी पांच-पांच, एकेन्द्रियों के चार-चार जानने ।

प्राण - संज्ञी पंचेन्द्रिय के दस, उसी के अपर्याप्त के सात; असंज्ञी पंचेन्द्रिय के नौ, उसी के अपर्याप्त के सात; चतुरिन्द्रिय के आठ, उसी के अपर्याप्त के छह; त्रीन्द्रिय के सात, उसीके अपर्याप्त के पांच; द्वीन्द्रिय के छह, उसी के अपर्याप्त के चार; एकेन्द्रिय के चार, उसी के अपर्याप्त के तीन हैं । सयोग केवली के वचनबल, कायबल, उश्वास, आयु ये चार प्राण हैं । उसी के वचनबल बिना तीन होते हैं। उच्छ्वास बिना दो होते हैं । अयोगी के आयु प्राण है ।

पुनश्च संज्ञा चार, गति चार, इन्द्रिय पांच, काय छह, योग पंद्रह - उनमें पर्याप्त अवस्था संबंधी ग्यारह, अपर्याप्त संबंधी तीन मिश्र और एक कार्माण ये चार हैं । वेद तीन, कषाय चार, ज्ञान आठ, संयम सात, दर्शन चार, लेश्या छह, भव्य दो, सम्यक्त्व छह, संज्ञी दो, आहार दो, उपयोग बारह, ये सर्व समुच्चय गुणस्थान और मार्गणास्थान में यथायोग्य प्ररूपण करना ।

जीवसमास में विशेष कहते हैं -

**ओघे आदेसे वा सण्णीपज्जंतगा हवे जत्थ ।**
**तत्थ य उणवीसंता इगिबितिगुणिदा हवे ठाणा ।।७२७।।**

**ओघे आदेशे वा संज्ञिपर्यन्तका भवेयुर्यत्र ।**
**तत्र चैकोनविंशांता एकद्वित्रिगुणिता भवेयुः स्थानानि ।।७२७।।**

**टीका** - गुणस्थान और मार्गणास्थान में जहां संज्ञी पंचेन्द्रिय तक मूल चौदह जीवसमास निरूपण करते हैं, वहां उत्तर जीवसमास एक से लेकर उन्नीस तक १) सामान्य से, २) पर्याप्त अपर्याप्त से दो, ३) पर्याप्त, अपर्याप्त, लब्धिअपर्याप्त तीन से गुणा करनेपर १) एक से लेकर उन्नीस तक, २) दो से लेकर अड़तीस तक, ३) तीन से लेकर सत्तावन तक जीवसमास के भेद हैं । वे सर्व भेद वहां जानने। सामान्य जीवसमास एक, त्रस-स्थावर भेद से दो, इत्यादि सभी भेद जीवसमास अधिकार में कहे हैं, वे जानने । इन्हीं को एक, दो, तीन से गुणा करनेपर क्रम से एक, दो, तीन आदि उन्नीस, अड़तीस, सत्तावन तक भेद होते हैं ।

यहां से आगे गुणस्थानमार्गणा में गुणस्थान, जीवसमास इत्यादि बीस भेद जोड़ते

हैं, वह कहते हैं -

**वीरमुहकमलणिग्गयसयलसुयग्गहणपयउणसमत्थं ।**
**णमिऊण गोयममहं सिद्धंतालावमणुवोच्छं ।।७२८।।**

**वीरमुखकमलनिर्गतसकलश्रुतग्रहणप्रकटनसमर्थम् ।**
**नत्वा गौतममहं सिद्धांतालापमनुवक्ष्ये ।।७२८।।**

**टीका** – वर्धमान स्वामी के मुखकमल से निकला हुआ ऐसा सकल शास्त्र महागंभीर, उसके प्रकट करने को समर्थ ऐसा सिद्ध पर्यंत आलाप, उसे श्री गौतमस्वामी को नमस्कार करके मैं कहता हूँ ।

वहां सामान्य गुणस्थान रचना में जैसे चौदह गुणस्थानवर्ती जीव हैं । गुणस्थानरहित सिद्ध हैं । चौदह जीवसमास युक्त जीव हैं । उनसे रहित जीव हैं । छह-छह, पांच-पांच, चार-चार पर्याप्ति, अपर्याप्ति युक्त जीव हैं । उनसे रहित जीव हैं । दस-सात, नौ-सात, आठ-छह, सात-पांच, छह-चार, चार-तीन, चार-दो, एक प्राण के धारी जीव हैं । उनसे रहित जीव हैं । पंद्रह योग युक्त जीव हैं । अयोगी जीव हैं । तीन वेद युक्त जीव हैं । उनसे रहित जीव हैं । चार कषाय युक्त जीव हैं। उनसे रहित जीव हैं । आठ ज्ञान युक्त जीव हैं । ज्ञान रहित जीव नहीं हैं । सात संयम युक्त जीव हैं । उनसे रहित जीव हैं । चार दर्शन युक्त जीव हैं । दर्शन रहित जीव नहीं हैं । द्रव्य, भाव छहों लेश्या युक्त जीव हैं । लेश्या रहित जीव हैं । भव्य और अभव्य जीव हैं । दोनों से रहित जीव हैं । छह सम्यक्त्व युक्त जीव हैं । सम्यक्त्व रहित नहीं हैं । संज्ञी और असंज्ञी जीव हैं । दोनों रहित जीव हैं । आहारक जीव हैं । अनाहारक जीव हैं । दोनों से रहित जीव नहीं हैं । साकारोपयोग और अनाकारोपयोग और युगपत् दोनों उपयोग से युक्त जीव हैं । उपयोग रहित जीव नहीं हैं । ऐसे अन्यत्र यथासंभव जानना ।

आगे गुणस्थान और मार्गणास्थानों में यथायोग्य बीस प्ररूपणा का निरूपण करते हैं ।

सो यन्त्रों द्वारा विवक्षित गुणस्थानों और मार्गणास्थानों के आलाप में जो जो प्ररूपणा पायी जाती हैं, वे वे लिखें हैं । वहां यन्त्रों में ऐसी सहनानी जाननी ।

पहले एक बड़ा कोठा है, उसमें जिस आलाप में बीस प्ररूपणा लगायी है उसके नाम लिखे हैं । उस कोठे के आगे आगे बराबर बीस कोठे हैं उनमें प्रथमादि कोठे से लेकर अनुक्रम से गुणस्थान, जीवसमास, पर्याप्ति, प्राण, संज्ञा, गति, इन्द्रिय, काय, योग, वेद, कषाय, ज्ञान, संयम, दर्शन, लेश्या, भव्य, सम्यक्त्व, संज्ञी, आहार, उपयोग ये बीस प्ररूपणा जो जो पायी जाती हैं, वे वे लिखी हैं । उनमें गुणस्थानादि के नाम नहीं लिखे हैं तथापि पहले कोठे में गुणस्थान, दूसरे में जीवसमास, तीसरे में पर्याप्ति, इत्यादि बीसवें कोठे में उपयोग तक जानना *(यहां सुविधा के लिये हमने हर पृष्ठ पर बीस प्ररूपणाओं के नाम लिखे हैं)*। वहां उन कोठों में जहां जिस प्ररूपणा का जितना प्रमाण हो, उतने ही का अंक लिखा होगा, वहां तो वह प्ररूपणा सर्व जाननी । जैसे पहले कोठे में चौदह का अंक लिखा हो, वहां सर्व गुणस्थान जानने । दूसरे कोठे में जहां चौदह का अंक लिखा हो, वहां सर्व जीवसमास जानने। ऐसे ही तृतीयादि कोठों में जहां छह *(पर्याप्ति)*, दस *(प्राण)*, चार *(संज्ञा)*, चार *(गति)*, पांच *(इन्द्रिय)*, छह *(काय)*, पंद्रह *(योग)*, तीन *(वेद)*, चार *(कषाय)*, आठ *(ज्ञान)*, सात *(संयम)*, चार *(दर्शन)*, छह *(लेश्या)*, दो *(भव्य)*, छह *(सम्यक्त्व)*, दो *(संज्ञी)*, दो *(आहार)*, बारह *(उपयोग)* के अंक लिखे हो, वहां अपने अपने कोठों में वह प्ररूपणा सर्व जाननी । जहां प्ररूपणा का अभाव हो, वहां शून्य लिखा है । जैसे पहले कोठे में जहां शून्य लिखा हो वहां गुणस्थान का अभाव जानना । दूसरे कोठे में जहां शून्य लिखा हो वहां जीवसमास का अभाव जानना । ऐसे अन्यत्र जानना। जहां प्ररूपणा में कितनेक भेद पाये जाते हैं, वहां अपने अपने कोठों में जितने भेद पाये जाते हैं, उतने अंक लिखे हैं । उन भेदों के नाम जानने के लिये नाम का पहला अक्षर या पहले दो आदि अक्षर अथवा दो विशेषण जानने के लिये दोनों विशेषणों के आदि के दो अक्षर अथवा इन अक्षरों के आगे अपनी संख्या के अंक लिखे हैं । वह कहते हैं –

जितने गुणस्थान पाये जाते हैं उतने का अंक पहले कोठे में लिखा है । उस अंक के नीचे उन गुणस्थानों के नाम जानने के लिये उनके नामों के आदि अक्षर लिखे हैं । वहां आदि अक्षर की सहनानी से सभी नाम जान लेना ।

वहां मिथ्यादृष्टि आदि गुणस्थानों के नामों की ऐसी सहनानी है – **मि, सा, मिश्र, अवि, देश, प्र, अप्र, अपू, अनि, सू, उ, क्षी, स, अ ।**

पुनश्च जहां आदि के ऐसा लिखा हो, वहां मिथ्यादृष्टि आदि जितने गुणस्थान लिखे हो, उतने गुणस्थान जानने । ऐसे ही दूसरे कोठे में जीवसमास, सो जीवसमास दो प्रकार के हैं पर्याप्त, अपर्याप्त, वहां सहनानी ऐसी - **प, अ** । वहां सूक्ष्म, बादर, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, असंज्ञी, संज्ञी की सहनानी ऐसी **सू, बा, बें, तें, चौं, अ, सं** *(यहां बें के स्थानपर द्वींद्रि, तें के स्थानपर त्रींद्रि, चौं के स्थानपर चतुरिं लिखा है)* । वहां सूक्ष्म के पर्याप्त, अपर्याप्त दोनों हो तो सहनानी ऐसी **सू २**; पर्याप्त ही हो तो सहनानी ऐसी **सूप१**; अपर्याप्त ही हो तो ऐसी - **सूअ१**। संज्ञी पर्याप्त अपर्याप्त की ऐसी **सं २**; पर्याप्त की ऐसी - **संप१**; संज्ञी अपर्याप्त की ऐसी **संअ१** सहनानी है । इसीप्रकार अन्य की जाननी । जहां अपर्याप्त ही जीवसमास है वहां **अपर्याप्त** ऐसा लिखा है । जहां पर्याप्त ही हो, वहां **पर्याप्त** ऐसा लिखा है। पुनश्च प्रमत्त में आहारक की अपेक्षा, सयोगी में केवली समुद्घात की अपेक्षा पर्याप्त-अपर्याप्त जीवसमास जानने । पुनश्च कायमार्गणा की रचना में जहां सत्तावन, अट्ठानबे, चार सौ छह जीवसमास कहे हैं वे यथासंभव पर्याप्त, अपर्याप्त, सामान्य आलाप में जान लेने । पुनश्च वनस्पति रचना में प्रतिष्ठित, अप्रतिष्ठित प्रत्येक; बादर-सूक्ष्म, नित्य-इतर निगोद के पर्याप्त, अपर्याप्त की अपेक्षा से जीवसमास यथासंभव बारह आदि जानने ।

तीसरे कोठे में पर्याप्ति है, सो पर्याप्ति जितनी पायी जाती हैं, उनके अंक ही लिखे हैं, नाम नहीं लिखे हैं । वहां ऐसा जानना - छह तो संज्ञी पंचेन्द्रिय के, पांच असंज्ञी वा विकलेन्द्रियों के, चार एकेन्द्रिय के जानने । वे पर्याप्त आलाप में तो पर्याप्त जानने, अपर्याप्त आलाप में अपर्याप्त जानने । सामान्य आलाप में जहां वे दो दो बार लिखे हैं, वहां पर्याप्त-अपर्याप्त दोनों जानने ।

चौथे कोठे में प्राण है, वे प्राण जितने पाये जाते हैं उनके अंक ही लिखे हैं, नाम नहीं लिखे हैं । वहां ऐसा जानना - पर्याप्त आलाप में तो दस संज्ञी के, नौ असंज्ञी के, आठ चतुरिन्द्रिय के, सात त्रीन्द्रिय के, छह द्वीन्द्रिय के, चार एकेन्द्रिय के, चार सयोगी के, एक अयोगी का यथासंभव जानने । अपर्याप्त आलाप में सात संज्ञी के, सात असंज्ञी के, छह चतुरिन्द्रिय के, पांच त्रीन्द्रिय के, चार द्वीन्द्रिय के, तीन एकेन्द्रिय के, दो सयोगी के यथासंभव जानने । जहां सामान्य आलाप में वे पूर्वोक्त दोनों लिखे हैं, वहां पर्याप्त अपर्याप्त दोनों जानने ।

पांचवें कोठे में संज्ञा है, वहां आहारादि की ऐसी सहनानी है – **आ, भ, मै, प** ।

छठवें कोठे में गति हैं, वहां नरकादि की ऐसी सहनानी है – **न, ति, म, दे**।

सातवें कोठे में इन्द्रिय है, वहां एकेन्द्रियादि की ऐसी सहनानी है – **ए, बें, तें, चौं, पं** । *(यहां भी बें के स्थानपर द्वींद्रि, तें के स्थानपर त्रींद्रि, चौं के स्थानपर चतुरिं लिखा है ।)*

आठवें कोठे में काय है, सो पृथ्वी आदि की ऐसी सहनानी है – पृ, अ, ते, वा, व । पांचों स्थावरों की ऐसी – **स्था५,** त्रस की ऐसी **त्र** ।

नौवें कोठे में योग हैं, वहां मन के चार, उनकी ऐसी **म४**; वचन के चार, उनकी ऐसी **व४**; काय में औदारिकादि की ऐसी **औ, औमि, वै, वैमि, आ, आमि, का** अथवा औदारिक–औदारिक मिश्र इन दोनों की ऐसी **औ२**; वैक्रियिक द्विक की ऐसी **वै२**; आहारक द्विक की ऐसी **आ२**; सयोगी के सत्य अनुभय मन–वचन पाये जाते हैं उनकी ऐसी **म२, व२**; द्वीन्द्रियादिक के अनुभय वचन पाया जाता है उनकी ऐसी **अनु व१** सहनानी है ।

दसवें कोठे में वेद, वहां नपुंसकादि की सहनानी ऐसी है – **न, पु, स्त्री** ।

ग्यारहवें कोठे में कषाय है, वहां क्रोधादिक की सहनानी ऐसी है – **क्रो, मा, माया, लो** ।

बारहवें कोठे में ज्ञान है, वहां कुमति, कुश्रुत, विभंग की सहनानी ऐसी है – **कुम, कुश्रु, वि** अथवा इन तीनों की सहनानी ऐसी **कुज्ञान३** । मतिज्ञानादि की ऐसी **म, श्रु, अ, मनः, के** अथवा मति, श्रुत, अवधि तीनों की ऐसी **मत्यादि३**; मति, श्रुत, अवधि, मनःपर्यय की ऐसी **मत्यादि४** ।

तेरहवें कोठे में संयम है, वहां संयमादि की सहनानी ऐसी है – **अ, दे, सा, छे, प, सू, य** ।

चौदहवें कोठे में दर्शन है, वहां चक्षु आदि की सहनानी ऐसी है – **च, अच, अव, के** अथवा चक्षु, अचक्षु, अवधि तीनों की ऐसी – **चक्षुआदि३** ।

पंद्रहवें कोठे में लेश्या है, वहां द्रव्यलेश्या की सहनानी ऐसी है - **द्र**; इसके आगे जितनी द्रव्य लेश्यायें पायी जाती हैं उतने का अंक जानना । भाव लेश्या की सहनानी ऐसी - **भा** । इसके आगे जितनी भावलेश्या पायी जाती हैं, उतने का अंक जानना । दोनों ही जगह कृष्णादि नामों की **कृ, नी, क,** इन तीनों की ऐसी **अशुभ३**। तेज (पीत) आदि की ऐसी - **ते, प, शु,** इन तीनों की ऐसी **शुभ३** सहनानी है । *(यहां ते के स्थान पर पीत लिखा है ।)*

सोलहवें कोठे में भव्य है, सो भव्य अभव्य की सहनानी **भ, अ** है ।

सत्रहवें कोठे में सम्यक्त्व है, वहां मिथ्यादृष्टि आदि की सहनानी **मि, सा, मिश्र, उ, वे, क्षा** है ।

अठारहवें कोठे में संज्ञी है, वहां संज्ञी असंज्ञी की सहनानी ऐसी-**सं, अ** है।

उन्नीसवें कोठे में आहार है, वहां आहारक-अनाहारक की सहनानी ऐसी - **आ, अन** है ।

बीसवें कोठे में उपयोग है, वहां ज्ञानोपयोग-दर्शनोपयोग की सहनानी ऐसी है - **ज्ञा, द** । ऐसे इन सहनानी द्वारा यंत्रों में जो अर्थ कहे हैं, उन्हें अच्छी तरह जानना ।

जहां गुणस्थानवत् या मूलौघवत् कहा हो, वहां गुणस्थान में या सिद्धरचना में जैसा निरूपण हो, वैसा यथासंभव जानना । अन्यत्र भी जहां जिसवत् कहा हो वहां उसके समान प्ररूपणा जान लेना । वहां जो कुछ उस कोठे में विशेष कहा है, वहां विशेष जान लेना । जहां स्वकीय ऐसा कहा हो वहां जिसका आलाप हो वहां उसमें सम्भवनेवाली प्ररूपणा वा जिसका आलाप किया है वही प्ररूपणा जानना । इतना कथन जान लेना -

**सव्वेसिं सुहमाणं काऊदा सव्वविग्गहे सुक्का ।**
**सव्वो मिस्सो देहो कओदवण्णो हवे णियमा ।।१।।**

इस सूत्र से सर्व पृथ्वीकायादिक सूक्ष्म जीवों की द्रव्यलेश्या कपोत है । विग्रहगति संबंधी कार्माण में शुक्ल है । मिश्र शरीर में कपोत है । इसतरह अपर्याप्त आलापों में द्रव्यलेश्या कपोत और शुक्ल ही जान लेना ।

द्वितीयादि पृथ्वी की रचना में लेश्या अपनी अपनी पृथ्वी में होनेवाली स्वकीय जाननी ।

मनुष्य रचना में प्रमत्तादि में भाव अपेक्षा तीन वेद हैं, द्रव्य अपेक्षा एक पुरुषवेद ही है । सप्तमादि गुणस्थानों में आहार संज्ञा का अभाव साता असाता वेदनीय के उदीरणा के अभाव से जानना । स्त्री, नपुंसकवेद का उदय होनेपर आहारकयोग, मनःपर्ययज्ञान, परिहारविशुद्धि संयम नहीं होते ऐसा जानना । श्रेणी से उतरकर द्वितीयोपशम सम्यग्दृष्टि चतुर्थादि गुणस्थानों से मरकर देव होता है, उस अपेक्षा वैमानिक देवों के अपर्याप्त काल में उपशमसम्यक्त्व कहा है ।

एकेन्द्रिय जीवों के पर्याप्त नामकर्म के उदय से पर्याप्त, निर्वृत्तिअपर्याप्त अवस्था है, अपर्याप्त नामकर्म के उदय से लब्धिअपर्याप्त होता है, ऐसा जानना । कायमार्गणा रचना में पर्याप्त बादर पृथ्वी, वनस्पति, त्रस के द्रव्यलेश्या छहों हैं । अप् (जल) के शुक्ल, अग्नि के पीत, वायु के हरित, गोमूत्र या अव्यक्त वर्णरूप द्रव्यलेश्या स्वकीय जानना ।

साधारणशरीर जानने के लिये गाथा –

**पुढवी आदि चउण्हं केवलि आहारदेवणिरयंगा ।**
**अपदिट्ठिदाहु सव्वे पदिट्ठिदंगा हवे सेसा ।।१।।**

पृथ्वी आदि चार तथा केवली, आहारक, देव, नारक के शरीर निगोद रहित अप्रतिष्ठित हैं । शेष सभी निगोद सहित सप्रतिष्ठित हैं, ऐसा साधारण रचना में स्वरूप जानना ।

सासादन सम्यग्दृष्टि मरकर नरक नहीं जाता, इसलिये नारकी अपर्याप्त सासादन नहीं होता । पांचवी आदि पृथ्वी के आये हुये अपर्याप्त मनुष्यों के कृष्ण, नील, लेश्या होते हुये वेदकसम्यक्त्व पाया जाता है, इसलिये कृष्ण, नील, लेश्या की रचना में (असंयत) अपर्याप्त आलाप में मनुष्यगति कही है । देव पर्याप्त में कृष्ण लेश्या नहीं है । अपर्याप्त में मिश्रगुणस्थान नहीं है इसलिये कृष्ण लेश्या की मिश्र गुणस्थान में देव बिना तीन गति हैं । इत्यादि यथासंभव अर्थ जानकर यंत्रों द्वारा कहे हुये अर्थ को जानना । आगे यन्त्ररचना लिखते हैं –

| नाम | गुणस्थान | जीव समास | पर्याप्ति | प्राण | संज्ञा | गति | इंद्रिय | काय | योग | वेद | क-षाय | ज्ञान | संयम | दर्शन | लेश्या | भव्य | सम्य-क्त्व | संज्ञी | आहा | उप-योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पर्याप्त गुण.वाले जीवोंकी रचना | १४ | ७ पर्याप्त | ६।५।४ पर्याप्त | १०।९।८। ७।६।४। ४।१ पर्याप्त | ४ | ४ | ५ | ६ पर्याप्त | ११ पर्याप्त | ३ | ४ | ८ | ७ | ४ | द्र ६ भा६ | २ | ६ | २ | १४वे गुण. अना. बाकी सब आहा | १२ |
| अपर्याप्त गुण.वाले जीवोंकी रचना | ५ मि१ सा१ अवि१प्र१ सयोग १ | ७ अपर्याप्त | ६।५।४ अपर्याप्त | ७।७।६।५ ।४।३।२ अपर्याप्त | ४ | ४ | ५ | ६ | ४ औमि१वैमि१ आमि१का१ | ३ | ४ | ६ विभं. मनः बिना | ४ असं१ सा१ छे१ यथा१ | ४ | द्र २ क१शु१ भा६ | २ | ५ मिश्र बिना | २ | २ | १० ज्ञा६ द४ |
| मिथ्यादृष्टि गुणस्थानकी सामान्य रचना | १ मिथ्या | १४ | ६।६ ५।५ ४।४ | १०।७।९। ७।८।६।७ ।५।६।४। ४।३ | ४ | ४ | ५ | ६ | १३ आहारक द्विक बिना | ३ | ४ | ३ कु ज्ञान | १ असं | २ च१ अच१ | द्र ६ भा६ | २ | १ मि | २ | २ | ५ ज्ञा३ द२ |
| मिथ्यादृष्टि गुणस्थानकी पर्याप्तकी रचना | १ मिथ्या | ७ पर्याप्त | ६।५।४ पर्याप्त | १०।९ ८।७ ६।४ | ४ | ४ | ५ | ६ | १० म४ व४ औ१ वै१ | ३ | ४ | ३ कु ज्ञान | १ असं | २ च१ अच१ | द्र ६ भा६ | २ | १ मि | २ | १ आहा | ५ ज्ञा३ द२ |
| मिथ्यादृष्टि अपर्याप्त की रचना | १ मिथ्या | ७ अपर्याप्त | ६।५।४ अपर्याप्त | ७।७ ६।५ ४।३ | ४ | ४ | ५ | ६ | ३ औमि१ वैमि१ का१ | ३ | ४ | २ कुम१ कुश्रु१ | १ असं | २ च१ अच१ | द्र २ क१शु१ भा६ | २ | १ मि | २ | २ | ४ ज्ञा२ द२ |
| सासादन सामान्यकी रचना | १ सासादन | २ संप१ संअ१ | ६।६ | १०।७ | ४ | ४ | १ पंचे. | १ त्रस | १३ आहारक द्विक बिना | ३ | ४ | ३ कुम१ कुश्रु१ बि१ | १ असं | २ च१ अच१ | द्र ६ भा६ | १ भ | १ सा | १ सं | २ | ५ ज्ञा३ द२ |

| नाम | गुण | जी. | पर्या. | प्राण | संज्ञा | गति | इंद्रि. | काय | योग | वेद | कषा | ज्ञान | संय. | दर्श. | ले. | भव्य | सम्य | संज्ञी | आहा | उप |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सासादन पर्याप्त की रचना | १ सासा | १ संप | ६। प | १० | ४ | ४ | १ पं | १ त्र | १० म४ व४ औ१ वै१ | ३ | ४ | ४ कु-ज्ञान | १ असं | २ च१ अच१ | द्र ६ भा ६ | १ भव्य | १ सासा | १ संज्ञी | १ आ हा | ५ ज्ञा३ द २ |
| सासादन अपर्याप्त की रचना | १ सासा | १ संअ | ६ अ | ७ | ४ | ३ ति१ म१दे१ | १ पं | १ त्र | ३ औमि१वै मि१का१ | ३ | ४ | २ कुम१ कुश्रु१ | १ असं | २ च१ अच१ | द्र २ क१शु १भा६ | १ भव्य | १ सासा | १ संज्ञी | २ | ४ ज्ञा२ द २ |
| सम्यग्मि-थ्यादृष्टि की रचना | १ मिश्र | १ संप | ६ प | १० | ४ | ४ | १ पं | १ त्र | १० म४ व४ औ१ वै१ | ३ | ४ | ३ मिश्र | १ असं | २ च१ अच१ | द्र ६ भा ६ | १ भव्य | १ मिश्र | १ संज्ञी | १ आ हा | ५ ज्ञा३ द २ |
| असंयत सामान्य रचना | १ असंयत | २ संप१ संअ१ | ६।६ | १०।७ | ४ | ४ | १ पं | १ त्र | १३ आ-हा द्विक बिना | ३ | ४ | ३ म १ श्रु १ अ १ | १ असं | ३ च१ अच१ अव१ | द्र ६ भा ६ | १ भव्य | ३-उ १ वे १ क्षा १ | १ संज्ञी | २ | ६ ज्ञा३ द ३ |
| असंयत पर्याप्त रचना | १ असंयत | १ संप | ६ प | १० | ४ | ४ | १ पं | १ त्र | १० म४ व४ औ१ वै१ | ३ | ४ | ३ म १ श्रु १ अ १ | १ असं | ३ च१ अच१ अव१ | द्र ६ भा ६ | १ भव्य | ३-उ १ वे १ क्षा १ | १ संज्ञी | १ आ हा | ६ ज्ञा३ द ३ |
| असंयत अपर्याप्त रचना | १ असंयत | १ संअ | ६ अ | ७ | ४ | ४ | १ पं | १ त्र | ३ औमि१वै मि१का१ | २ न१ पु१ | ४ | ३ म १ श्रु १ अ १ | १ असं | ३ आदि के | द्र २ क१शु १भा६ | १ भव्य | ३-उ १ वे १ क्षा १ | १ संज्ञी | २ | ६ ज्ञा३ द ३ |
| देशसंयत रचना | १ देशसंयत | १ संप | ६ | १० | ४ | २ म१ ति१ | १ पं | १ त्र | ९ म४ व४ औ १ | ३ | ४ | ३ मत्या दिक | १ देश संयत | ३ आदि के | द्र ६ भा ३ शुभ | १ भव्य | ३-उ १ वे १ क्षा १ | १ संज्ञी | १ आ हा | ६ ज्ञा३ द ३ |
| प्रमत्त रचना | १ प्रमत्त | २ संप१ संअ१ | ६।६ | १०।७ | ४ | १ मनु | १ पं | १ त्र | ११ म ४ व४ औ१ आहा २ | ३ | ४ | ४ मत्या दिक | ३ सा १ छे १ प १ | ३ आदि के | द्र ६ भा ३ शुभ | १ भव्य | ३-उ १ वे १ क्षा १ | १ संज्ञी | १ आ हा | ७ ज्ञा४ द ३ |

| नाम | गुण | जी. | पर्या. | प्राण | संज्ञा | गति | इंद्रि. | काय | योग | वेद | कषा | ज्ञान | संय. | दर्श. | ले. | भव्य | सम्य | संज्ञी | आहा | उप |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अप्रमत्त रचना | १ अप्रमत | १ संप | ६ | १० | ३ आहा बिना | १ मनु | १ पं | १ त्र | ९ म४ व४ औ१ | ३ | ४ | ४ मत्या दिक | ३ सा १ छे १ प १ | ३ आदि के | द्र ६ भा ३ शुभ | १ भव्य | ३-उ १ वे १ क्षा १ | १ संज्ञी | १ आ हा | ७ ज्ञा४ द ३ |
| अपूर्व-करण रचना | १ अपूर्व. | १ संप | ६ | १० | ३ आहा बिना | १ मनु | १ पं | १ त्र | ९ म४ व४ औ१ | ३ | ४ | ४ मत्या दिक | २ सा१ छे१ | ३ आदि के | द्र ६ भा१ शुक्ल | १ भव्य | २ उ १ क्षा १ | १ संज्ञी | १ आ हा | ७ ज्ञा४ द ३ |
| अनिवृ. प्रथ.भाग रचना | १ अनि. | १ संप | ६ | १० | २ मै.१ प १ | १ मनु | १ पं | १ त्र | ९ म४ व४ औ१ | ३ | ४ | ४ मत्या दिक | २ सा१ छे१ | ३ आदि के | द्र ६ भा१ शुक्ल | १ भव्य | २ उ १ क्षा १ | १ संज्ञी | १ आ हा | ७ ज्ञा४ द ३ |
| अनिवृ. द्विती.भाग रचना | १ अनि. | १ संप | ६ | १० | १ प | १ मनु | १ पं | १ त्र | ९ म४ व४ औ१ | ० | ४ | ४ मत्या दिक | २ सा१ छे१ | ३ आदि के | द्र ६ भा१ शुक्ल | १ भव्य | २ उ १ क्षा १ | १ संज्ञी | १ आ हा | ७ ज्ञा४ द ३ |
| अनिवृ. तृती.भाग रचना | १ अनि. | १ संप | ६ | १० | १ प | १ मनु | १ पं | १ त्र | ९ म४ व४ औ१ | ० | ३ क्रोध बिना | ४ मत्या दिक | २ सा१ छे१ | ३ आदि के | द्र ६ भा१ शुक्ल | १ भव्य | २ उ १ क्षा १ | १ संज्ञी | १ आ हा | ७ ज्ञा४ द ३ |
| अनिवृ. चतु.भाग रचना | १ अनि. | १ संप | ६ | १० | १ प | १ मनु | १ पं | १ त्र | ९ म४ व४ औ१ | ० | २ माया१ लोभ१ | ४ मत्या दिक | २ सा१ छे१ | ३ आदि के | द्र ६ भा१ शुक्ल | १ भव्य | २ उ १ क्षा १ | १ संज्ञी | १ आ हा | ७ ज्ञा४ द ३ |
| अनिवृ. पंच. भाग रचना | १ अनि. | १ संप | ६ | १० | १ प | १ मनु | १ पं | १ त्र | ९ म४ व४ औ १ | ० | १ लो | ४ मत्या दिक | २ सा१ छे१ | ३ आदि के | द्र ६ भा१ शुक्ल | १ भव्य | २ उ १ क्षा १ | १ संज्ञी | १ आ हा | ७ ज्ञा४ द ३ |
| सूक्ष्म साम्पराय रचना | १ सूक्ष्म | १ संप | ६ | १० | १ प | १ मनु | १ पं | १ त्र | ९ म४ व४ औ१ | ० | १ लो | ४ मत्या दिक | १ सूक्ष्म | ३ आदि के | द्र ६ भा१ शुक्ल | १ भव्य | २ उ १ क्षा १ | १ संज्ञी | १ आ हा | ७ ज्ञा४ द ३ |

| नाम | गुण | जी. | पर्या. | प्राण | संज्ञा | गति | इंद्रि. | काय | योग | वेद | कषा | ज्ञान | संय. | दर्श. | ले. | भव्य | सम्य | संज्ञी | आहा | उप |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उपशांत कषाय रचना | १ उपशांत | १ संप | ६ | १० | ० | १ म | १ पं | १ त्र | ९ म४ व४ औ१ | ० | ० | ४ मत्या दिक | १ यथा | ३ आदि के | द्र ६ भा १ शुक्ल | १ भव्य | २ उ१ क्षा१ | १ संज्ञी | १ आ हा | ७ ज्ञा४ द ३ |
| क्षीण-कषाय रचना | १ क्षीण-कषाय | १ संप | ६ | १० | ० | १ म | १ पं | १ त्र | ९ म४ व४ औ१ | ० | ० | ४ मत्या दिक | १ यथा | ३ आदि के | द्र ६ भा १ शुक्ल | १ भव्य | १ क्षा | १ संज्ञी | १ आ हा | ७ ज्ञा४ द ३ |
| सयोग केवली रचना | १ सयोग | २ संप१ संअ१ | ६।६ | ४।२ | ० | १ म | १ पं | १ त्र | ७ म२ व२ औ२का१ | ० | ० | १ के | १ यथा | १ के | द्र ६ भा १ शुक्ल | १ भव्य | १ क्षा | ० | २ | २ ज्ञा१ द १ |
| अयोग केवली रचना | १ अयोग | १ संप | ६ | १ आयु | ० | १ म | १ पं | १ त्र | ० | ० | ० | १ के | १ यथा | १ के | द्र ६ भा ० | १ भव्य | १ क्षा | ० | १ अना हार | २ ज्ञा१ द १ |
| गु. अतीत सिद्ध पर. रचना | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | १ के | ० | १ के | ० | ० | १ क्षा | ० | १ अना हार | २ ज्ञा१ द १ |
| सामान्य नारक रचना | ४ आदि के | २ संप१ संअ१ | ६।६ | १०।७ | ४ | १ न | १ पं | १ त्र | ११ म४ व४ वै२का१ | १ नपुं | ४ | ६ अज्ञा३ मत्या ३ | १ असं | ३ आदि के | द्र३ कृ१ क१शु१ भा ३ अशुभ | २ | ६ | १ संज्ञी | २ | ९ ज्ञा६ द ३ |
| सामान्य नारक प. रचना | ४ आदि के | १ संप | ६ प | १० | ४ | १ न | १ पं | १ त्र | ९ म४ व४ वै १ | १ नपुं | ४ | ६ अज्ञा३ मत्या ३ | १ असं | ३ आदि के | द्र १ कृ १ भा ३ अशुभ | २ | ६ | १ संज्ञी | १ आ हा | ९ ज्ञा६ द ३ |

| नाम | गुण. | जी. | पर्या. | प्राण | संज्ञा | गति | इंद्रि. | काय | योग | वेद | कषा | ज्ञान | संय. | दर्श. | ले. | भव्य | सम्य | संज्ञी | आहा | उप |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सा. नारक अपर्याप्त रचना | २ मि. १ अवि. १ | १ संअ | ६ अ | ७ | ४ | १ न | १ पं | १ त्र | २ वैमि १ का. १ | १ नपुं | ४ | ५ कुम१ कुश्रु१ मत्या३ | १ असं | ३ आदि के | द्र २ क १ शु १ भा ३ अशुभ | २ | ३ मि१ वे१ क्षा१ | १ संज्ञी | २ | ८ ज्ञा५ द ३ |
| सा. नारक मिथ्या. रचना | १ मिथ्या | २ संप१ संअ१ | ६।६ | १०।७ | ४ | १ न | १ पं | १ त्र | ११ म४ व४ वै२ का१ | १ नपुं | ४ | ३ कुज्ञा न | १ असं | २ च१ अच१ | द्र३ कृ१ क१शु१ भा ३ अशुभ | २ | १ मि थ्या | १ संज्ञी | २ | ५ ज्ञा३ द २ |
| सा. नारक मिथ्या प. रचना | १ मिथ्या | १ संप | ६ | १० | ४ | १ न | १ पं | १ त्र | ९ म४ व४ वै. १ | १ नपुं | ४ | ३ कुज्ञा न | १ असं | २ च१ अच१ | द्र१ कृ भा ३ अशुभ | २ | १ मि थ्या | १ संज्ञी | १ आ हा | ५ ज्ञा३ द २ |
| सा. नारक मिथ्या अप रचना | १ मिथ्या | १ संअ | ६ | ७ | ४ | १ न | १ पं | १ त्र | २ वैमि १ का. १ | १ नपुं | ४ | २ कुम१ कुश्रु१ | १ असं | २ च१ अच१ | द्र२ क१शु१ भा ३ अशुभ | २ | १ मि थ्या | १ संज्ञी | २ | ४ ज्ञा२ द २ |
| सा. नारक सासादन रचना | १ सासादन | १ संप | ६ | १० | ४ | १ न | १ पं | १ त्र | ९ म४ व४ वै. १ | १ नपुं | ४ | ३ कुज्ञा न | १ असं | २ च१ अच१ | द्र१ कृ भा ३ अशुभ | १ भव्य | १ सासा | १ संज्ञी | १ आ हा | ५ ज्ञा३ द २ |
| सा. नारक मिश्रगुण. रचना | १ मिश्र | १ संप | ६ | १० | ४ | १ न | १ पं | १ त्र | ९ म४ व४ वै. १ | १ नपुं | ४ | ३ मिश्र | १ असं | २ च१ अच१ | द्र१ कृ भा ३ अशुभ | १ भव्य | १ मिश्र | १ संज्ञी | १ आ हा | ५ ज्ञा३ द २ |
| सा. नारक असंयत रचना | १ असंयत | २ संप१ संअ१ | ६।६ | १०।७ | ४ | १ न | १ पं | १ त्र | ११ म४ व४ वै२ का१ | १ नपुं | ४ | ३ मत्या दिक | १ असं | ३ आदि के | द्र३ कृ१ क१ शु१ भा ३ अशुभ | १ भव्य | ३ उ१ वे१ क्षा१ | १ संज्ञी | २ | ६ ज्ञा३ द ३ |

| नाम | गुण | जी. | पर्या. | प्राण | संज्ञा | गति | इंद्रि. | काय | योग | वेद | कषा | ज्ञान | संय. | दर्श. | ले. | भव्य | सम्य | संज्ञी | आहा | उप |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सामा.ना. असंयत प.रचना | १ असं. | १ संप | ६ | १० | ४ | १ न | १ पं | १ त्र | ९ म४ व४ वै१ | १ नपुं. | ४ | ३ मत्या दिक | १ असं | ३ आदि के | द्र १ कृ१ भा३ अशुभ | १ भव्य | ३ उ १ वे १ क्षा १ | १ संज्ञी | १ आ हा | ६ ज्ञा३ द ३ |
| सामा.ना. असं.अप. रचना | १ असं. | १ संअ | ६ | ७ | ४ | १ न | १ पं | १ त्र | २ वैमि १ का १ | १ नपुं | ४ | ३ मत्या दिक | १ असं | ३ आदि के | द्र २ क१शु१ भा१ कपोत | १ भव्य | २ वे १ क्षा १ | १ संज्ञी | २ | ६ ज्ञा३ द ३ |
| धम्मा ना. सामान्य रचना | ४ आदिके | २ संप संअ | ६।६ | १०।७ | ४ | १ न | १ पं | १ त्र | ११ म४ व४ वै२ का१ | १ नपुं | ४ | ६ कुज्ञा३ मत्या दिक३ | १ असं | ३ आदि के | द्र ३ कृ१क१ शु१ भा१ कपोत | २ | ६ | १ संज्ञी | २ | ९ ज्ञा६ द ३ |
| धम्मा ना. पर्याप्त रचना | ४ आदिके | १ संप | ६ | १० | ४ | १ न | १ पं | १ त्र | ९ म४ व४ वै१ | १ नपुं | ४ | ६ कुज्ञा३ मत्या दिक३ | १ असं | ३ आदि के | द्र १ कृ १ भा१ कपोत | २ | ६ | १ संज्ञी | १ आ हा | ९ ज्ञा६ द ३ |
| धम्मा ना. अपर्याप्त रचना | २ मि १ अवि १ | १ संअ | ६ | ७ | ४ | १ न | १ पं | १ त्र | २ वैमि १ का १ | १ नपुं | ४ | ५ कुम१ कुश्रु१ मत्या दिक३ | १ असं | ३ आदि के | द्र २ क१शु १भा१ कपोत | २ | ३ मि१ वे१ क्षा१ | १ संज्ञी | २ | ८ ज्ञा५ द ३ |
| धम्मा ना. मिथ्यादृष्टि रचना | १ मि | २ संप संअ | ६।६ | १०।७ | ४ | १ न | १ पं | १ त्र | ११ म४ व४ वै२ का१ | १ नपुं | ४ | ३ कु-ज्ञान | १ असं | २ चक्षु१ अच१ | द्र३ कृ१ क१ शु १ भा१ क | २ | १ मि. | १ संज्ञी | २ | ५ ज्ञा३ द २ |
| धम्मा ना. मिथ्यादृष्टि पर्या.रचना | १ मि | १ संप | ६ | १० | ४ | १ न | १ पं | १ त्र | ९ म४ व४ वै १ | १ नपुं | ४ | ३ कु-ज्ञान | १ असं | २ चक्षु१ अच१ | द्र १ कृ भा १ कपोत | २ | १ मि. | १ संज्ञी | १ आ हा | ५ ज्ञा३ द २ |

| नाम | गुण | जी. | पर्या. | प्राण | संज्ञा | गति | इंद्रि. | काय | योग | वेद | कषा | ज्ञान | संय. | दर्श. | ले. | भव्य | सम्य | संज्ञी | आहा | उप |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धम्मा ना. मिथ्या अप रचना | १ मिथ्या | १ संअ | ६ | ७ | ४ | १ न | १ पं | १ त्र | २ वैमि १ का १ | १ नपुं | ४ | २ कुम१ कुश्रु१ | १ असं | २ च१ अच१ | द्र२ क१शु१ भा १ क | २ | १ मि. | १ संज्ञी | २ | ४ ज्ञा२ द २ |
| धम्मा ना. सासा. रचना | १ सासा | १ संप | ६ | १० | ४ | १ न | १ पं | १ त्र | ९ म४ व४ वै१ | १ नपुं | ४ | ३ कु-ज्ञान | १ असं | २ च१ अच१ | द्र१ कृष्ण भा १ क | १ भव्य | १ सासा | १ संज्ञी | १ आ हा | ५ ज्ञा३ द २ |
| धम्मा ना. मिश्र रचना | १ मिश्र | १ संप | ६ | १० | ४ | १ न | १ पं | १ त्र | ९ म४ व४ वै१ | १ नपुं | ४ | ३ मि-श्र | १ असं | २ च१ अच१ | द्र१ कृष्ण भा १ क | १ भव्य | १ मिश्र | १ संज्ञी | १ आ हा | ५ ज्ञा३ द २ |
| धम्मा ना. असंयत रचना | १ असंयत | २ संप संअ | ६।६ | १०।७ | ४ | १ न | १ पं | १ त्र | ११ म४ व४ वै२ का१ | १ नपुं | ४ | ३ मत्या दिक | १ असं | ३ आदि के | द्र३ कृ१ क१ शु१ भा१ क | १ भव्य | ३ उ१वे १क्षा१ | १ संज्ञी | २ | ६ ज्ञा३ द ३ |
| धम्मा ना. असंयत पर्या.रचना | १ असंयत | १ संप | ६ | १० | ४ | १ न | १ पं | १ त्र | ९ म४ व४ वै१ | १ नपुं | ४ | ३ मत्या दिक | १ असं | ३ आदि के | द्र१ कृष्ण भा १ क | १ भव्य | ३ उ१वे १क्षा१ | १ संज्ञी | १ आ हा | ६ ज्ञा३ द ३ |
| धम्मा ना. असंयत अप रचना | १ असंयत | १ संअ | ६ | ७ | ४ | १ न | १ पं | १ त्र | २ वैमि १ का १ | १ नपुं | ४ | ३ मत्या दिक | १ असं | ३ आदि के | द्र २ कृ१शु१ भा १ क | १ भव्य | २ वे१ क्षा१ | १ संज्ञी | २ | ६ ज्ञा३ द ३ |
| द्वितीयादिक नारककी सामान्य रचना | ४ आदि के | २ संप संअ | ६।६ | १०।७ | ४ | १ न | १ पं | १ त्र | ११ म४ व४ वै२ का१ | १ नपुं | ४ | ६ कुज्ञा३ मत्या ३ | १ असं | ३ आदि के | द्र ३ कृ१ क१ शु१भा१ स्वस्व पृथ्वी संबंधी | २ | ५ उ१वे १मि१ सा१ मि१ | १ संज्ञी | २ | ९ ज्ञा६ द ३ |

| नाम | गुण | जी. | पर्या. | प्राण | संज्ञा | गति | इंद्रि. | काय | योग | वेद | कषा | ज्ञान | संय. | दर्श. | ले. | भव्य | सम्य | संज्ञी | आहा | उप |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| द्वितीयादि पृथ्वी ना. प. रचना | ४ आदिके | १ संप | ६ | १० | ४ | १ न | १ पं | १ त्र | ९ म४ व४ वै. १ | १ नपुं | ४ | ६ कुज्ञान ३ मत्या३ | १ असं | ३ आदि के | द्र १ कृ भा १ स्व स्व पृ संबंधी | २ | ५ उ१ वे१मि १सा१ मि १ | १ संज्ञी | १ आ हा | ९ ज्ञा६ द ३ |
| द्वितीयादि पृथ्वी ना. अप रचना | १ मिथ्या | १ सं अप | ६ | ७ | ४ | १ न | १ पं | १ त्र | २ वैमि १ का. १ | १ नपुं | ४ | २ कुम१ कुश्रु१ | १ असं | २ च१ अच१ | द्र२ क१शु१ भा १ स्वकीय | २ | १ मि थ्या | १ संज्ञी | २ | ४ ज्ञा२ द २ |
